तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

13 बड़ेगोबरा आश्रम में छात्र की मौत, कांग्रेस ने...



14 कोपरा में गूंजा हर-हर महादेव, शिव-पार्वती विवाह..





## खबर संक्षेप

### कई स्कूल बंद मिले शिक्षकों व अधीक्षकों को नोटिस



**मैनपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश कुमार पटेल ने आज शनिवार को अचानक राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण किया तो कई स्कूल में शिक्षक ही नहीं मिले तो कई स्कूलों में ताला लगा हुआ था जिस पर शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश राम पटेल के द्वारा दिनांक 31 जनवरी को शोभा क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें सालिकराम नागेश प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जरहीडीह और यमुना प्रसाद जोशी शिक्षक माध्यमिक शाला शोभा एंव आश्रम शाला शोभा के अधीक्षक आशा दीवान एवं नीतू पहरी समय से पहले आश्रम शाला से अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह प्राथमिक शाला करेली स्कूल बंद पाया गया। प्राथमिक शाला कन्हारपारा बंद पाया गया। उक्त सभी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### धान भरा ट्रक फंसा, एनएच पर 24 घंटे का जाम लगा



**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से 12 किलोमीटर दूर बाजाघाटी मोड़ के पास शुक्रवार रात को धान से भरा ट्रक अत्यधिक लोड होने के कारण मोड़ में एक तरफ धस गया जिससे पूरा आवगमन रातभर जंहा बाधित रहा। वहीं आज दूसरे दिन शनिवार को भी बड़े वाहन नहीं चल पा रहा हैं। दोनों ओर 04-05 किलोमीटर तक वाहनों का काफिला लगा हुआ है जाम में सैकडों वाहन फस गए हैं लोग परेशान हो रहे हैं सबसे ज्यादा परेशानी यात्री वाहनों को हो रही है, यात्रियों को 04-05 किलोमीटर पैदल चलकर दूसरे वाहन बदलना पड़ रहा है अभी देर शाम को छोटे वाहनों का आवगमन जैसे-तैसे प्रारंभ हुआ है, ज्ञात हो कि मैनपुर देवभोग मार्ग में सड़क सकरी होने के कारण और ओवरलोड वाहनों के कारण इस तरह की समस्या बढ़ती जा रही है, लेकिन इस ओर संबधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने से इसका खामियाजा हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** मुढ़ीपार क्रासिंग एनएच 53 के पास एक वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 30 जनवरी की सुबह छिबर्रा निवासी रोहित पटेल अपनी मोटर सायकल से सुबह करीबन 10 बजे बैंक के काम व गैस सिलेंडर लेने पिथौरा गये थे। वापस आते समय करीब 12.25 बजे ग्राम मुढीपार क्रासिंग एनएच 53 रोड के पास पिथौरा से झलप की ओर जा रही वाहन क्रमांक ओडी 15 एडी 0205 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर रोहित पटेल की मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से रोहित को गंभीर चोट लगी और इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिथौरा लाया। जहां डाक्टर ने चेक कर मृत्यु होना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# उदंती सीतानदी में दिखा दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी पेरेग्रीन फाल्कन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पेरेग्रीन फाल्कन दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी है, जो शिकार करते समय गोता लगाते हुए अविश्वसनीय गति प्राप्त कर सकता है। यह बाज प्रजाति ऊँचाई से शिकार पर झपट्टा मारने में माहिर है और इसे आसमान का चीता भी कहा जाता है। पेरेग्रीन बाज तेज और बड़े शिकारी पक्षी होते हैं। इनके मजबूत, नुकीले पीले पंजे इन्हें उड़ते हुए भी दूसरे पक्षियों को पकड़ने में सक्षम बनाते हैं। छत्तीसगढ़ अब दुनिया भर के पक्षियों के लिए पसंदीदा स्थल बनता जा रहा है।

अनुकूल जलवायु और समृद्ध जैव विविधता के कारण कई । यहां दुनिया के सबसे तेज उड़ने वाले पक्षी पेरेग्रीन फाल्कन (स्थानीय नाम शाहीन बाज) को एक बार फिर देखा गया है। इस दुर्लभ –श्य को वन रक्षक ओमप्रकाश ने अपने कैमरे में कैद किया है।

इससे पूर्व भी इस पक्षी को आमामोरा ओड़ क्षेत्र के पास शेष पगार जलप्रपात के समीप ड्रोन कैमरों में दर्ज किया गया था, जो इस क्षेत्र में इसकी सक्रिय उपस्थिति की पुष्टि करता है। उल्लेखनीय है कि पेरेग्रीन फाल्कन अपनी अद्भुत तेज उड़ान के लिए विश्व प्रसिद्ध है। शिकार का पीछा करते समय यह लगभग 320 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गोता लगा सकता है, जबकि सामान्य उड़ान में इसकी गति करीब 300 किमी प्रति घंटा रहती है। यह छोटे पक्षियों, कबूतरों और तोतों का शिकार करता है।

## 320 किमी प्रति घंटा की रहती है तूफानी रफ्तार

### 12 से 15 वर्ष के जीवनकाल

ऊंचाई से तेजी से गोता लगाकर सटीक प्रहार करना इसकी सबसे प्रभावी शिकार तकनीक है। लगभग 12 से 15 वर्ष के जीवनकाल वाले इस पक्षी का उदंती-सीतानदी के वनों में दिखना यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ का पर्यावरण वन्यजीवों के लिए कितना अनुकूल है।



### वन विभाग के संरक्षण प्रयासों को मिल रही सफलता

हाल ही में आयोजित बर्ड सर्वे के दौरान बारनवापारा अभ्यारण्य में भी दुर्लभ और खूबसूरत पक्षी ऑरेंज ब्रेस्टेड ग्रीन पिजन तथा ब्लैक-कैप्ड किंगफिशर देखे गए हैं। गौरतलब है कि वन मंत्री केदार कश्यप वन एवं वन्यजीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं। वन मंत्री के मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पांडेय एंव उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के नेतृत्व में वन विभाग की पूरी टीम सतत प्रयासों में जुटी है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।


## समस्या : सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ेगी दो राज्यों के लोगों की परेशानी

# एनएच 130-सी पर रात का सफर बंद, ओडिशा से टूटेगा सीधा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अब रात में इन मार्गों पर नहीं चलेगी वाहने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हड़कंप मचा है। बाघ एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के कोर एरिया में शाम 06 बजे से सुबह 06 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के आवगमन पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान केवल एम्बुलेंस और आपालकालीन सेवाओं से जुडे वाहनों को ही आने -जाने की अनुमति दी गई है। इस आदेश में नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद देवभोग ओडिसा मार्ग भी आता है और इस मार्ग में प्रतिदिन सैकड़ों यात्री वाहन के साथ मालवाहक निजी वाहन गुजरते है और 01 फरवरी से अब इस आदेश पर कड़ाई से पालन कराने की तैयारी चल रही है। जिसके साथ ही एरिया में आने वाले 50 से अधिक छोटे ग्रामीण मार्गों पर भी आवागमन बंद होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उड़ीसा के लगभग 10 जिले व छत्तीसगढ़ के कई जिले इससे स्पष्ट रूप ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शाम 6 से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंध






### रायपुर, गरियाबंद व उड़ीसा को जोड़ता है एनएच 130सी

गरियाबंद जिले के देवभोग और आगे उड़ीसा के कई जिलों को छत्तीसगढ़ और रायपुर से जोड़ने वाली मुख्य नेशनल हाईवे 130 (सी) भी कोर एरिया से होकर गुजरती है। ऐसे में आदेश के परिपालन में उक्त नेशनल हाईवे पर तौरंगा से इंदागांव में लगे बैरियर को बंद करने के शासकीय निर्देशन के बाद इलाके के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। इतना ही नहीं गरियाबंद और धमतरी जिले के उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के कोर एरिया में आने वाले 50 से अधिक छोटे ग्रामीण मार्गों पर भी आवागमन बंद किया जाना है। गरियाबंद जिला में तौरेंगा बेरियर, जुगाड़ बेरियर, जांगड़ा बेरियर, बम्हनीझोला बेरियर, इंदागांव बेरियर, गरिबा बेरियर शाम 06:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक बंद रखा जायेगा। साथ ही धमतरी जिले के भी दर्जनों बैरियर बंद किए जाएंगे। इसे लेकर ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है। देवभोग इलाके के ग्रामीण चाहते हैं कि कम से कम नेशनल हाईवे को इससे राहत दिया जाए जाए। सुप्रीम कोर्ट से पुनर्विचार की गुजारिश करने की बात ग्रामीण कह रहे हैं। वहीं इसे लेकर गरियाबंद के अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश सर्वमान्य है। मगर इस मार्ग का कोई अन्य वैकल्पिक मार्ग नहीं है, जिसके चलते देवभोग और आगे उड़ीसा के लोगों की परेशानी को बताते हुए उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार अनुरोध किया है।

# राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



छत्तीसगढ़ के प्रयाग के नाम से विख्यात राजिम में आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का महापर्व राजिम कुंभ कल्प 2026 का शुभारंभ आज माघ पूर्णिमा 1 फरवरी से होगा, जो महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक चलेगा। इस वर्ष भी कुंभ कल्प का आयोजन नया मेला स्थल, चौबेबांधा, राजिम में भव्य रूप से किया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प का उदघाटन माघ पूर्णिमा के दिन 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। शुभारंभ समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद ▶▶| शेष पेज 13 पर

### प्रतिदिन शाम 6.30 बजे होगी महानदी की आरती

देशभर से संत-महात्माओं का होगा दिव्य समागम राजिम कुंभ कल्प के शुभारंभ अवसर पर देशभर से प्रतिष्ठित संत-महात्माओं का आशीर्वचन और सानिध्य प्राप्त होगा। जिसमें प्रमुख रूप से दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ जी महाराज, राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज, महंत नरेन्द्र दास जी महाराज, स्वामी राजीव लोचन दास जी महाराज, स्वामी विराम देवाचार्य जी महाराज, आचार्य स्वामी राकेश जी महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती जी, संत कौशलेन्द्र रामजी महाराज, महंत उमेशानन्द गिरी जी महाराज, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, संत विचार साहेब जी महाराज, महंत सर्वेश्वर दास जी महाराज, स्वामी डॉ. राजेश्वरानन्द जी महाराज, संत परमात्मानन्द जी महाराज, संत युधिष्ठिर लाल जी महाराज, संत गोकुल गिरि जी महाराज, प्रजापिता ब्रह्मकुमार नारायण भाई, महंत बीआर जोशी, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी पुष्पा बहन, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी हेमा बहन शामिल होंगे। महानदी आरती, सांस्कृतिक संध्या और सत्संग दरबार आकर्षण का केंद्र राजिम कुंभ कल्प के दौरान प्रतिदिन शाम 6.30 बजे महानदी आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 बजे से तथा संध्या 7 बजे से मुख्य मंच, नया मेला स्थल चौबेबांधा राजिम में आयोजित होंगे। इसी तरह 09 से 11 फरवरी तक संत गुरूशरण जी महाराज (पंडोखर सरकार) का सत्संग दरबार त्रिवेणी संगम राजिम में आयोजित होगा। यह सत्संग प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। राजिम कुंभ कल्प मेला आयोजन को सफल बनाने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के साथ जिला प्रशासन गरियाबंद और संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरी तैयारी के साथ जुटे हुए हैं।

# राजिम कुंभ कल्प में पधारेंगे सीरियल के राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पूरे देश और दुनिया में ख्यातिप्राप्त रामायण सीरियल के राम अरूण गोविल राजिम कुंभ कल्प मेला में इस बार पधार रहे है। उनके आने मात्र की जानकारी से समूचे अंचल में हर्ष और उत्साह का वातावरण बन गया है। बता दें कि 15 दिवसीय मेले का शुभारंभ आज होने जा रहा है जो 15 दिनों तक चलेगा। अंतिम दिवस महाशिवरात्रि की रात अरूण गोविल का आगमन यहां होगा। वे राजिम के मुख्य मंच से उपस्थित लाखो की संख्या को संबोधित करेंगे। मालूम हो कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी राजिम में आस्था का अदभुत संगम देखने को मिलेगा। रामानंद सागर कृत ऐतिहासिक धारावाहिक रामायण में भगवान श्रीराम की भूमिका निभाकर घर-घर में पूज्य बने अभिनेता अरूण गोविल के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्ष, उल्लास और भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। अरूण गोविल के स्वागत की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। नगर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, वहीं श्रद्धालुओं और रामभक्तों में उनके दर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजा-अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अरूण गोविल की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रामायण के राम का राजिम आगमन उनके लिए सौभाग्य की बात है। महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर उनका सान्निध्य मिलना श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ महाशिवरात्रि पर अभिनेता अरुण गोविल का होगा भव्य आगमन



### सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव

बता दें कि राजिम मेला इस वर्ष ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रहा है। भारतीय संस्कृति और आस्था की जीवंत प्रतीक, रामायण में भगवान श्रीराम का चरित्र निभाकर जन-जन के हृदय में बसने वाले अभिनेता अरुण गोविल का शानदार स्वागत होगा। अरुण गोविल केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए आज भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवंत छवि हैं। राजिम मेला जैसे पौराणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाले आयोजन में उनका आगमन मेले की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। श्रद्धालुओं और दर्शकों को ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो स्वयं प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद इस पावन भूमि पर प्राप्त होने जा रहा हो। रामभक्ति और सनातन संस्कृति की झलक क्षेत्र की जनता को देखने को मिलेगी। रामभक्तों में उनके दर्शन और सान्निध्य को लेकर खासा उत्साह है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राजिम मेला में रामायण के राम का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह क्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्मरणीय रहेगा। कुल मिलाकर, इस बार राजिम मेला केवल एक मेला नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और श्रद्धा का भव्य उत्सव बनने जा रहा है, जिसमें अरुण गोविल का आगमन इसे विशेष पहचान दिलाएगा।

# मनरेगा बचाओ संग्राम, जिले में कांग्रेस का जंगी आंदोलन, कल कलेक्टोरेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मनरेगा को कमजोर किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर में मनरेगा बचाओ संग्राम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले में 2 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं गरियाबंद में आयोजित इस जंगी आंदोलन में शामिल होंगे। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन को लेकर व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस का आरोप है कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं दी जा रही है, जिससे ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। पार्टी का कहना है कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण यह योजना दम तोड़ रही है। इस संबंध में पीसीसी जनरल सेकेट्री सकलेन कामदार ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 2 फरवरी 2026 गरियाबंद, 3 फरवरी 2026 कवर्धा, 4 फरवरी 2026 बालोद, 6 फरवरी 2026 कांकेर, सभी जिलों में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के समक्ष कलेक्ट्रेट घेराव और धरना ▶▶| शेष पेज 13 पर



## देश भर के 800 से अधिक स्कूलों के बीच प्रदेश की टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान

# मॉडल यूथ ग्राम सभा में छुरा का एकलव्य विद्यालय देशभर में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अत्यंत गौरव का विषय है एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा की टीम ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मॉडल यूथ ग्राम सभा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के 800 से अधिक विद्यालयों की सहभागिता रही। एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेता छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

राष्ट्रीय विजेता दल से आज उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने सौजन्य मुलाकात कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता है। विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की कार्यप्रणाली, ग्रामीण समस्याओं की पहचान एवं उनके समाधान प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट समझ का परिचय दिया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों द्वारा मॉक ग्राम सभा सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण विकास, निर्णय-प्रक्रिया तथा स्थानीय समस्याओं पर व्यावहारिक चर्चा की गई।



### शिक्षा के सशक्तिकरण का परिणाम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा की टीम ने इन विषयों पर गहन समझ और प्रभावी प्रस्तुति दी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विजेता दल को प्रशस्ति पत्र के साथ संस्थान के विकास के लिए एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने भी इस उपलब्धि को जनजातीय अंचलों में शिक्षा के सशक्तिकरण का सकारात्मक परिणाम बताया। वहीं आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण की दिशा में प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव निहारिका बारिक तथा संचालक पंचायत विभाग प्रियंका महोबिया, सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव एवं सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

# रसेला समिति में 18 करोड़ 64 लाख 94 हजार रुपए की धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के सभी उपार्जन केन्द्रों में खरीफ विपणन वर्ष 25 -26 के लिए धान खरीदी का महाअभियान रिकार्ड सफलता के साथ 30 जनवरी को संपन्न हुआ। यहां महाअभियान 15 नवंबर से 31 जनवरी तक जारी रहा और कुल 52 दिन तक चला। क्षेत्र में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष का माहौल रहा। खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की गई। कलेक्टर भगवान उइके के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई थी।



इसी कड़ी में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 1769 के धान उपार्जन केन्द्र में 15 नवंबर से 30 जनवरी तक कुल 1092 किसानों से 18 करोड़ 64 लाख 94 हजार की खरीदी की गई हैं। जिसमें किसानों को शुद्ध भुगतान 15 करोड़ 94 लाख 62 हजार रुपए नगद भुगतान किया गया। वहीं सोसाइटी ऋण के विरूद्ध 2 करोड़ 70 लाख 31 हजार रुपए की वसूली किसानों ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को दी गई। योजनाओं के बारे में वार्ड नंबर 24 एवं 30 में बैठक लेकर विधायक प्रतिनिधि श्रम विभाग रेखा बेहरा के द्वारा जानकारी दी गई एवं श्रमिक कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया गया और बताया गया कि जिला में 4000 श्रमिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है।

### कैंप में पेंशन से जुड़े मामलों का किया गया निराकरण

**महासमुंद।** जिला कोषालय सभाकक्ष में पेंशन एवं वेतन निर्धारण कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर से अजय कुमार साहू, सहायक संचालक, संदीप कुमार साहू, एसएएस, तथा प्रकाश सिंह ठाकुर, एसएएस की टीम उपस्थित रहे। कैंप में जिला अंतर्गत 36 कार्यालय से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। जिसमें कुल 117 प्रकरणों का निराकण किया गया जिसमें 09 पेंशन प्रकरणो से संबंधित तथा 108 वेतन निर्धारण जांच के प्रकरण का कैंप में निराकरण किया गया।



### पारिवारिक मूल्यों की समझ परोस रहा है, कोंडा तराई सरकारी कन्या स्कूल

**महासमुंद।** अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल पटेल ने 40 वर्षों से संचालित कोंडातराई कन्या माध्यमिक सरकारी विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान अध्यापक बाबूलाल नायक व शिक्षक साथियों के चेतना विकास मूल्य शिक्षा संबंधी किये प्रयोगों, प्रयासों, नवाचारी गतिविधियों की सराहना की। पटेल ने बताया कि इस विद्यालय से पढ़कर निकली हजारों कन्याएं विवाह के पश्चात हजारों गांवों के परिवारों का पालन-पोषण कर रही हैं, नाम रोशन कर रही हैं, सुख-समृद्धि पूर्वक परिवार चला रही हैं, तलाक के केस एक भी नहीं हैं, परिवारों में झगड़े झंझट के केस भी नहीं, जो यह दर्शाता है कि यह विद्यालय चेतना विकास मूल्य शिक्षा का प्रकाश 40 वर्षों से फ़ैला रहा है।

# भाजपा संगठन को और मजबूत करने पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद की महत्वपूर्ण जिला संगठनात्मक बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय, महासमुंद में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन, प्रतिबद्धता और निरंतर जनसेवा पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन के प्रत्येक दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निभाएं, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने यह भी कहा कि आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करना समय की आवश्यकता है, इसके लिए निरंतर जनसंपर्क, कार्यकर्ता संवाद एवं संगठन विस्तार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

वहीं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित होकर कार्य करता है। उन्होंने संगठनात्मक एकजुटता, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आगामी कार्यों पर तैयारियों पर विशेष बल दिया। बैठक की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू द्वारा रखी गई, जिसमें संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

बैठक में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री द्वय थानसिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी, सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री थानसिंह दिवान ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव एवं आनंद साहू ने दी।

## कुष्ठ दिवस पर कसेकेरा में जागरूकता कार्यक्रम

**कोमाखान।** राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (भारत सरकार) लालपुर, रायपुर के निदेशक डॉ. कृष्णमूर्ति कांबले ने महासमुंद जिले के दौरे के दौरान शासकीय मिडिल एवं हाई स्कूल कसेकेरा का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी आदतों की जानकारी ली तथा स्वच्छता व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय क्षेत्र में फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या को देखते हुए डॉ. काम्बले ने संबंधित जिला अधिकारियों को शुद्ध पेयजल हेतु आवश्यक मशीन लगाए जाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने दांतों की नियमित सफाई, आसपास स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें ही आगे चलकर व्यक्ति को महान बनाती हैं। डॉ. कांबले ने महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है, जो सेवा, समर्पण और अस्पृश्यता के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज से अंधविश्वास दूर कर समतामूलक समाज निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्य चिकित्साधिकारी एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में क्या बनना है और अगले 10 वर्षों का लक्ष्य क्या होगा, इसका निर्णय आज से ही कर लेना चाहिए।



छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम की जानकारी देते हुए डर के बजाय जागरूकता अपनाने और कुष्ठ उन्मूलन का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में खंड चिकित्साधिकारी बागबाहरा डॉ. बी.एस. बढ़ाई, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मधुराम देवांगन, जिला सलाहकार (कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम) एकेश्वर शुक्ला, बी.एल. साहू (एनएमए) एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी मिनीकेतन चौधरी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में व्याख्याता लोकू चंद्राकर, जितेंद्र साहू, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, राहुल ध्रुव एवं मोनेश का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रधानपाठक डॉ. विजय शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## केवायसी के नाम पर गरीबों के राशन में कटौती अमानवीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद

- पिछले 3 माह से सैकड़ों बीपीएल परिवारों को मिल रहा केवल 20 किलो चावल
- केवायसी अपडेट कराने के बाद भी परिवार के सदस्यों का नाम गायब

के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि केवायसी के नाम पर गरीब हितग्राहियों को राशन से वंचित किया जा रहा है। अनेक राशन कार्डधारी परिवारों के सदस्यों का नाम केवायसी अपडेट कराने के बहाने काट दिया गया है। जिससे उन्हें कम राशन मिल रहा है। जिन परिवारों में 5 सदस्य हैं, ऐसे अनेक कार्डों में 2 या किसी कार्ड में 3 सदस्यों का नाम काट दिया गया है। जिससे बीपीएल परिवारों को 35 किलो चावल के



स्थान पर केवल 20 किलो चावल ही दिया जा रहा है। यह गरीब परिवारों के अधिकार छीनने जैसा कृत्य है। गत दिसंबर माह से शहर के सैकड़ों बीपीएल परिवारों को 35 किलो के स्थान पर केवल 20 किलों चावल ही दिया जा रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में राशन प्रणाली व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। प्रशासनिक लापरवाही व सरकार की बदनीयती के चलते गरीब जनता के हक पर डाका डाला जा रहा है। केवायसी ो को बहाना बनाकर अनाज में कटौती की जा रही है, और वृद्धजनों को थंब इम्प्रेशन न मिलने पर पूरी तरह राशन से वंचित किया जा रहा है, जो अमानवीय है।

# पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि ने बरोंडाबाजार धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधान सभा क्षेत्र के बरोंडा बाजार धान खरीदी केंद्र में महासमुंद कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने किसानो को हो रही दिक्कत तो को जानने के लिए धान खरीदी केंद्र में पहुंची डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि उन्हें लगातार किसानों के फोन आ रहे हैं। किसान बता रहे हैं कि धान खरीदी नहीं हो पा रही और उन्हें केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार आखिर कर क्या रही है? खरीदी केंद्र में भाजपा के सुशासन वाली सरकार के पोल खुलते हुए मिली भाजपा सरकार के दावे के ठीक उल्टे लगभग 40 किसान का अब तक एक बार टोकन नहीं कटा है जबकि लगभग 110 किसान का धान बेचना अब भी बाकी है एक तरफ भाजपा की सरकार दावा कर रही है कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जा रहा है जबकि यह स्थिति भाजपा सरकार के दावे को पूरी तरह ना करते हुए भाजपा सरकार की



किसान विरोधी मानसिकता को उजागर कर रही है इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद ना प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही भाजपा के जनप्रतिनिधि किसानों की सुध ले रहे हैं।

डॉ रश्मि चंद्राकर ने मांग की कि किसानों की परेशानी को देखते हुए धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि तय लक्ष्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं और किसान अपना पूरा धान बेचने से वंचित हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई गई गई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी की तारीख को एक माह बढ़कर सभी किसानों से एक-एक दाना धान खरीदी करे। प्रत्येक किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी कर एकमुश्त 3100 रुपए के दर से भुगतान करें। उक्त अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष किशन देवांगन व सचिन गायकवाड़ मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रांजलि का चयन

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (रग्बी फुटबॉल अंडर 19वर्ष) का आयोजन 28जनवरी से 2फरवरी 2026 तक भूमनेश्वर (कटक) में आयोजित किया गया है जिसमें पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव से प्रांजलि भारती पिता कन्हैया भारती ग्राम तेंदुवाही नेगुर भाटा वार्ड क्रमांक 11 कक्षा 12वीं की छात्रा का छत्तीसगढ़ की टीम भुवनेश्वर (कटक) के लिए चयन हुआ है। चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद मनोज घृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेंन, समग्र शिक्षा महासमुंद बीएमसी रेखराज शर्मा पीएम सजेस तुमगांव प्राचार्य देवेंद्र अगलावे, वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरील, आई.एल साहू, के.आर साहू, सत्यदेव जेंड्रे, सिद्धांत गायगौरे। खेल प्रशिक्षक डॉ. सुनील भोई, कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता एवं समस्त हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्टाफ में अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, हेमलता साहू, अंकिता ठाकरे, पवन डड़सेना, ज्योति सिंह, सविता ध्रुव, देवेश साहू, रोहित साहू, गीतिका कौशिक, कुसुम कुजूर, मधुरिमा शर्मा, सुरेश यादव सागर झा, सत्यम पांडे, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बारिहा, बरखा शर्मा, लोकेश साहू, तरुण सिन्हा, सोनाली साहू, सजल चंद्राकर रूपाली साहू, लक्ष्मीनारायण साहू रेणुका साहू, प्रगति साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, लिली मजखंड, चेतना फेकर आदि ने हर्ष जताया है।

# सिर्रीकला में आयोजित भागवत में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सिर्रीकला (राजिम) में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने कथा व्यासपीठ में विराजित कथा वाचिका का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। पश्चात भागवत भगवान की पूजा कर समस्त क्षेत्रवासियों को खुशहाली व किसानों की समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में साहू ने भगवान राधा कृष्ण की जयकारे लगाते हुए कहा कि भागवत में जीवन का सार छुपा है। इसके श्रवण से मन को शांति मिलती है।



भगवान शुकदेव ने परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर उसे मोक्ष का मार्ग दिखाया था। उसी प्रकार पूरे श्रद्धा से भागवत कथा सुनने से सारे कष्टों का नाश हो जाता है। उन्होंने ग्राम सिर्रीकला के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भाग्यशाली हैं, जो आपके गांव में इस महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। भागवत के प्रभाव से केवल सिर्री ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के लोगों का कल्याण हो रहा है। कथा सुनने ग्राम सिर्री सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सशिमं सांकरा में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव

**सांकरा।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांकरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मातृ शक्ति का नमन करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है और राष्ट्र निर्माण में माताओं की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं जागरूक माताएं ही सशक्त, संस्कारित और सभ्य समाज की नींव रखती हैं। मातृ सम्मेलन में माताओं की बड़ी उपस्थिति यह दर्शाती है कि सांकरा क्षेत्र अपने बच्चों के भविष्य को लेकर सजग और गंभीर है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे सही मंच और मार्गदर्शन मिलने पर वे बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं भारतीय परंपरा की सुंदर झलक देखने को मिली, जो यह सिद्ध करती है कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी केंद्र है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य ऊंचा रखें, निरंतर परिश्रम करें और शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर




पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल सिंह छाबड़ा, सांकरा मंडल अध्यक्ष हलधर साहू, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल अंबू, महामंत्री झाडूराम परमार, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अध्यक्ष सांकरा सोसायटी प्रहलाद पटेल, अध्यक्ष सपोस सोसायटी निरंजन यादव, जमीनदाता सुरजाबाई जगन्नाथ ध्रुव, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, पूर्व सरपंच मेमबाई नेताम, प्रधानाचार्य नरेश साहू, संयोजक गोकुलानंद प्रधान, महिला मोर्चा महामंत्री मंजू यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण, मातृ शक्ति, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### तृप्ति खरे को स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से एमएफए मूर्तिकला में तृप्ति खरे ने प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर इन्हें विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में 28 जनवरी को आयोजित 17 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने कविता कृष्ण कुमार शास्त्री स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। मूर्तिकला की मेधावी छात्रा तृप्ति खरे स्थानीय अयोध्या नगर निवासी कवि व साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे की सुपुत्री है व वरिष्ठ मूर्तिकार प्रोफेसर शिब प्रसाद चौधरी से मूर्ति कला की शिक्षा ग्रहण की है। इस उपलब्धि पर परिवार जनों के अलावा इंटैक, आस्था साहित्य समिति, काव्यांश, दिशा नाट्य मंच के पदाधिकारियों, सदस्यों व पत्रकार बंधु व विश्वविद्यालयीन इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयाँ व शुभकामनाएं दी है।



### खुटेरी स्कूल में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**अरंड।** ग्राम खुटेरी में विद्यालय परिवार खुटेरी ने गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। गांधी के विचारों उनके सिद्धांतों की जानकारी देते हुए प्राथमिक प्रधान पाठक डोलामणि साहू ने बताया कि महात्मा गांधी ने जीवन भर सत्यनिष्ठ रहकर अनुशासन से जीवन जिया और लोगों को इसका संदेश दिया। प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी पालेश्वर पटेल ने कहा कि हमें अपने कार्यों को स्वावलंबी बनकर करना चाहिए इससे हम आगे उन्नति करने में सफल होंगे। अंत में उपस्थित विद्यार्थियों एवं उपसरपंच गेसराम पटेल, विश्वनाथ माझी अभिनंदन नाग, कुमुदिनी बरिहा, अनिता बरिहा की उपस्थिति में गांधी को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### प्रेमशीला बघेल सम्मानित

**महासमुन्द।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के मुख्य कार्यक्रम में परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शहर की सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशीला बघेल को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में नगर पालिका उपाध्यक्ष देविचंद राठी, पार्षद पीयूष साहू, पार्षद सोनाधर सोनवानी एवं पार्षद कल्पना सूर्यवंशी द्वारा बघेल से सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष राठी ने कहा कि प्रेमशीला बघेल शहर के लिए गौरव हैं।

### महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्-छात्राएं उपस्थित रहे। उप प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य, अहिंसा एवं शांति के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कक्षा सातवीं की नैना सोनी द्वारा गांधी के विचारों पर भाषण प्रस्तुत किया गया एवं मौन श्रद्धांजलि भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे वातावरण में शांति, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### सामान्य वर्ग की प्रतिनिधि तीन को सौंपेंगे राष्ट्रपति का नाम ज्ञापन

**महासमुंद।** उच्च शिक्षण संस्थाओं में यूजीसी कानून 2026 के विरोध करने ब्राह्मण समाज भवन में सामान्य वर्ग के पदाधिकारी, प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस कानून के विरोध स्वरूप व तिथि तय करने के संबंध में विचार व्यक्त किया। तदुपरांत 3 फरवरी को दोपहर 12 बजे लोहिया चौक से कलेक्टर कार्यालय तक विशाल रैली के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को यूजीसी कानून 2026 को वापस लेने ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही पूर्व निर्धारित 1 फरवरी भारत बंद का समर्थन करते हुए व्यापक समर्थन दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में ब्राह्मण समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, उत्कल ब्राह्मण समाज, कायस्थ समाज, गुजराती समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, मराठा समाज, गुप्ता समाज, सिख समाज, बंग समाज, दक्षिण भारतीय ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्रों ने गांधी को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में आज शहीद दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र छात्राएं और समस्त स्टॉफ के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन व्याख्याता गण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी कार्तिक राम यादव उपस्थित रहे संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

# मधुबनखुर्द विजेता, विधायक ने की 5 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम रोहिना में युवा आज़ाद समिति रोहिना के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का 39वां आयोजन दो दिवसीय खेल मुकाबलों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक चातुरी नंद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा आज़ाद समिति द्वारा लगातार 39 वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करना खेल संस्कृति को जीवंत रखने का अनुकरणीय



प्रयास है। खेल युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व का गुण भी सिखाता है। उन्होंने समिति को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मधुबनखुर्द (बिलाईगढ़) टीम ने ठाकुरीपाली (बागबाहरा) को 7 अंकों से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 21,011 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता ठाकुरीपाली टीम को 10,011 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली लोहारपाली टीम को 7,011 रुपये तथा चतुर्थ स्थान पर रही रोहिना टीम को 5,011 रुपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

व्यक्तिगत प्रदर्शन में बेस्ट ऑलराउंडर का पुरस्कार विनय (मधुबनखुर्द), बेस्ट केचर दिलीप (मधुबनखुर्द) और बेस्ट रेडर दीपक (ठाकुरीपाली) को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र सहित राज्य की कुल 41 टीमों ने भाग लिया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में हजारों दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया।

अंत में युवा आज़ाद समिति रोहिना के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों, निर्णायकों, अतिथियों, दानदाताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

सुअर माल राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन सामाजिक भवन कोमाखान में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम ठाकुर उपाध्यक्ष जिला



पंचायत महासमुंद, विशिष्ट अतिथि डॉ लक्ष्मी चंद देवांगन जिलाध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता पीलू राम देवांगन ने किया।

ठाकुर ने समाज में शिक्षा, सामाजिक एकता, के ऊपर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता, शिक्षा, संघटन, के साथ-साथ सामाजिक नियमावली पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में सामाजिक पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष पीलूराम देवांगन, उपाध्यक्ष, दिलीप देवांगन, सचिव हिरेंद्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष भोजनाथ देवांगन, सह सचिव ओम प्रकाश देवांगन का चयन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य सामाजिक पुनीत राम, प्रदेश उपाध्यक्ष, घना राम, सेवा राम हिरा लाल, बंसी लाल, पूर्व अध्यक्ष, ठाकुर राम, राजू, चुन्नी लाल, सोफ लाल, संजय हेमलाल, अजय, सूर्य, मिश्री, महादेव, लखन लाल, डोमन, नीरा बाई, रूपा देवांगन, गिरिजा देवांगन, रजमत बाई, भानु, इतवारी सहित भारी संख्या में उपस्थिति थे।

**खबर संक्षेप**

## जिला भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री बनीं बबली

**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें घोडारी क्षेत्र की जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े बबली को जिला मंत्री बनाया गया है। दायित्व मिलने पर जांगड़े समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और हर्ष व्यक्त किया।

## महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2 से

**महासमुंद।** जिले के विभिन्न विकासखंडों में महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला के तहत 02 फरवरी को जगदीशपुर पिथौरा और खटखटी बसना में तथा 03 फरवरी को कुटेला सरायपाली में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इसमें बैडमिंटन, खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, हॉकी के साथ-साथ 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल हैं। सभी खेल निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार आयोजित होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सरायपाली विकासखंड की महिला खिलाड़ी हेमसागर केवर्त, केपी साहू और मुकेश साहू से संपर्क कर पंजीयन कर सकती हैं।

मांग : खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन, सहायक आयुक्त ने की जांच

# बड़ेगोबरा आश्रम में छात्र की मौत, कांग्रेस ने आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बडेगोबरा में अध्यनरत एक आदिवासी बच्चे को समय पर आश्रम प्रबंधन द्वारा ईलाज उपलब्ध नहीं कराने और लापरवाही के कारण छात्र की मौत हो गई। इस खबर को हरिभूमि अखबार ने 31 जनवरी को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद संबधित विभाग में हड़कम्प मच गया। आदिवासी सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल भाठीगढ़ स्थित आदिवासी बालक आश्रम सुबह 10 ही बजे पहुंचे और आश्रम के अधीक्षक तथा अन्य कर्मचारियों एंव छात्रें से इस मामले में बयान दर्ज किया जिसमें यह बात निकलकर सामने आई कि मृतक छात्र राघव मंडावी 26 जनवरी को सुबह से उल्टी कर रहा था और उन्हे आश्रम के कर्मचारियों द्वारा ओआरएस घोल दिया गया था उसके बाद उसकी तबियत ठीक हो गई थी फिर दूसरे दिन बीमार पड़ गया और 26 जनवरी के दिन उसके पिता ईलाज के लिए उन्हे अपने साथ ले गया था तथा ईलाज के दौरान धमतरी के एक अस्पताल में कल 30 जनवरी शुक्रवार सुबह घर का एकलौता बेटा राघव की मौत हो गई। इस सबंधं में चर्चा करने पर सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल ने सिर्फ इतना बताया कि इस मामले में अभी जांच चल रही है और छात्र राघव को पिछले शनिवार को उल्टी हुआ था तो आश्रम के कर्मचारियों द्वारा ओआरएस का घोल दिया गया था बांकी जांच के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।


सिस्टम की लापरवाही ने ली मासूम की जान, आदिवासी बच्चे की मौत से मचा हड़कंप
भाठीगढ़ आश्रम के छात्र की इलाज के अभाव में मौत, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

आदिवासी छात्र की मौत पर कांग्रेस ने अधीक्षक एंव जिम्मेदारों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। बड़े गोबरा आश्रम मे ईलाज के अभाव में तथा आश्रम के अधीक्षक एवं कर्मचारियों के लापरवाही के कारण आदिवासी छात्र के मौत पर क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस मामले में जहां एक ओर कई आदिवासी नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग किया है, वहीं आज इस मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपकर छात्र के मौत के लिए दोषी आश्रम अधीक्षक एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करने लगे साथ ही एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही नहीं करने पर कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि छात्र राघव मंडावी पिछले कई दिनों से बीमार था और उसे आश्रम अधीक्षक तथा कर्मचारियों द्वारा अस्पताल ईलाज के लिए नही ले जाया गया और तो और जब उसके पिता 26 जनवरी को आश्रम पहुचे तो अपने बच्चे के बीमार हालत को देखकर उसे ईलाज के लिए धमतरी ले गया ईलाज में देरी के कारण छात्र राघव की मौत हो गई, इसके लिए आश्रम अधीक्षक एंव संबधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार है जिन्हे तत्काल बर्खा"त किया जाये श्री धुरव ने बताया कि इस मामले में व्यवस्था ठीक करने के बजाय मामले पर पर्दा डालने के लिए पुरा सरकारी अमला तरह–तरह की छात्र के परिजनों पर दबाव बना रही है जो गलत है, उन्होने कहा कि छात्र के मौत के लिए दोषियों को बर्खाश्त किया जाए नहीं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर महामंत्री गेंदु यादव, शाहिद मेमन, सामंत शर्मा, ठाकुर राम यादव, पवन जगत, लोचन निर्मलकर, धनसाय ओंटी, विजय नागेश एंव कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद नयापारा में छात्राओं को विधायक ने किया साइकिल वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल नयापारा में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पाहार से किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह योजना छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। जिन छात्राओं को अपने घर से स्कूल आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब नहीं होगी। सभी छात्राएं अब साइकिल से स्कूल आएंगी। पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए इसके लिए हमारी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है। शिक्षा किसी भी देश की बुनियादी जरूरतों में से एक है। शिक्षा से ही देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। देश का भविष्य उज्ज्वल हो इसके लिए बच्चों का शिक्षित होना अति आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा प्राप्ति में आने वाले रुकावटों को दूर करने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा मंडल महामंत्री मीना वर्मा, भाजपा नेता धर्मेंद्र महोबिया, पार्षद राहुल आवड़े व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# 500 से ज्यादा दैनिक भोगी कर्मचारी बाहर, रणनीति तैयारी करने एकत्र हुए प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ट्राईवल विभाग में बगैर लिखित आदेश भर्ती किए गए 500 से ज्यादा महिला पुरुष दैनिक भोगीयों को बाहर का रास्ता दिखाया गया। प्रभावित कर्मी आंदोलन करने की रणनीति तैयार करने जुटे। छात्रवास आश्रमों में स्वीकृत पदों से दुगुने संख्या में नेता अफसरों को खुश करने की गई थी भरती, इनमें से 40 ऐसे कर्मी जो कलेक्टर से लेकर मंत्री के बंगले में सेवा दे रहे है गरियाबंद कलेक्टर द्वारा 13 जनवरी को जारी एक आदेश ने ट्राईवल विभाग में कार्य कर रहे 500 से ज्यादा कर्मचारियों के लिए खतरे की घंटी बजा दिया है। जारी पत्र में शासन द्वारा 2014 में तय सेटअप का हवाला देते हुए कहा गया है कि विभाग के संस्थानों में दैनिक वेतन भोगी, भृतय के स्वीकृत पदों के अतिरिक्त कर्मचारी कार्यरत है। इसलिए प्रति माह के 5 तारीख को तय सेटअप के मुताबिक पदस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति प्रतिवेदन भेजने संस्थान के अधीक्षकों की निर्देश किया गया। इस आदेश के बाद अधीक्षकों ने स्वीकृत पद से अतिरिक्त कर्मी जिनकी संख्या लगभग 519 है उन्हें काम पर नहीं आने का मौखिक निर्देश दे दिया है। जिसके बाद आदिम जाति कल्याण विभाग ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस कार्यवाही को अन्याय पूर्ण बताते हुए प्रभावित कर्मचारियों ने कई दौर का बैठक किया। पक्ष सुनने और समझौता के लिए 17 जनवरी और 27 जनवरी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष ने कहा घेराव का निर्णय एक दिन पहले बैठक में लिया गया है, क्योंकि पिछले 8, 9 साल से काम कर रहे कर्मी को भी हटाया जा रहा है। नए भर्ती वाले 150 कर्मियों को अब तक 8 माह का वेतन तक नहीं दिया गया, अचानक हटाए जाने से परिवार का गुजारा प्रभावित होगा। बेराजगार होने से आर्थिक और मानसिक स्थिति बिगड़ेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

### कलेक्टर से लेकर मंत्री के आवास में तक ड्यूटी

डोमार ने बताया कि बगैर किसी लिखित आदेश के भर्ती किया गया है, नियमित का झांसा देकर हॉस्टलों के नाम से भर्ती लगभग 40 कर्मियों की ड्यूटी एसडीएम, कलेक्टर, आयुक्त, ट्राईवाल मंत्री के बंगले में काम कराया जा रहा है। इनमें से कुछ लोगों के नाम नियमीत वेतन निकाल दिया जा रहा है। पर जो निस्वार्थ भाव से हॉस्टलों के ड्यूटी कर रहे ऐसे कर्मियों को कई कई माह का वेतन तक नहीं दिया गया। नेता अफसरों को खुश करने की गई नियुक्तियां 2019 में रिक्त पदों पर नियजीतीकरण के बाद जिले के छात्रवास आश्रम में 369 कर्मी अतिरिक्त थे, कोरोना काल के बाद 2022 से 150 लोगों की मौखिक आदेश देकर नियुक्ति कर दी गई। नौकरी के लिए कई गरीब बेरोजगारों ने जमीन जेवरात गिरवी रख डेढ़ से दो लाख तक खर्च किया। कई बड़े जनप्रतिनिधियों के एप्रोच से आए तो कई छूट भैया नेताओं की दलाली में घुसे, कुछ ने विभाग के सोर्स का इस्तेमाल किया, पर नौकरी करने वाले सभी ने प्रचलित दरों का भुगतान किया है। कई अब भी पैसे देने के बाद भी नौकरी नहीं पा सके। इसे तीन कर्मियों ने एक कांग्रेस नेता के खिलाफ सीटी कोतवाली गरियाबंद में ठगी का मामला भी दर्ज करा दिया है।स्वीकृत पदों एवं तीन गुना भर्ती के चलते विभाग के मद से पगार देना संभव नहीं था। इसलिए सैंकड़ों लोगों को अब भी पिछले 8,9 माह से तनख्वा नहीं मिला। तनख्वाह की मांग को लेकर बढ़ते प्रशासनिक दबाव के चलते जिला प्रशासन ने छटनी जैसे सख्त कदम उठाया है।

### काम पर आने से मना किया गया है

लोकेश्वर पटेल सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग गरियाबंद कलेक्टर सर के आदेश के बाद, स्वीकृति पदों के मुताबिक ही उपस्थिति प्रतिवेदन भेजने अधीक्षकों को कहा गया है, इसी आधार पर वेतन भुगतान होगा। अतिरिक्त कर्मी जो बगैर किसी लिखित आदेश के काम पर थे उन्हें काम पर आने से मना किया गया है। कितनी संख्या में है यह ऑफिस जाकर ही बता पाऊंगा।

# ओबीसी महासभा ने किया यूजीसी के समानता विनियम 2026 का समर्थन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष फलेंद्र साहू ने यूजीसी उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम, 2026 के समर्थन में पत्र तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ओबीसी महासभा यह पत्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम, 2026' के प्रति अपना पूरा समर्थन व्यक्त करते हैं। ये विनियम पूरे भारत के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में निष्पक्षए समावेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।इन नए विनियमों का उद्देश्य सरल और प्रभावी है। उच्च शिक्षा में /"समानता को बढ़ावा देना और भेदभाव को रोकना। कई वर्षों से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को कक्षा, छात्रावास, पुस्तकालय और अन्य शैक्षणिक स्थानों पर अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा है। वर्ष 2026 के ये विनियम इस समस्या को समझते हैं और हर उच्च शिक्षा संस्थान के लिए स्पष्ट कदम तय करते हैं, ताकि सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ सम्मानए गरिमा और समानता का व्यवहार हो। ये दार, तहसील-विनियम यूजीसी के कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाए गए हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020' की भावना को दर्शाते हैं, जो शिक्षा में समावेशन और सामाजिक न्याय पर जोर देती है, इन विनियमों की एक बहुत महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि हर उच्च शिक्षा संस्थान में *समान अवसर केंद्र की स्थापना अनिवार्य की गई है। यह केंद्र २१ वैचित वर्गों के छात्रों और कर्मचारियों को शैक्षणिक सहायता, परामर्श करियर मार्गदर्शन और उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान करेगा। यह केंद्र एक ऐसा सहयोगी और सुलभ स्थान होगाए जहाँ सभी शिक्षार्थी आत्मविश्वास के साथ भाग ले सकें, विशेष रूप से वे लोग जो स्वयं को उपेक्षित या अलग-थलग महसूस करते हैं। ईओसी के साथ-साथ हर संस्थान में एक 'समानता समिति का गठन भी किया जाएगा। यह समिति भेदभाव से जुड़ी शिकायतों को प्राप्त करने और उनका समाधान करने की जिम्मेदार होगी। इस समिति में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग व्यक्ति और महिलाएं शामिल होंगी, ताकि विभिन्न वर्गों की आवाजें निर्णय प्रक्रिया में शामिल हो सकें।इन विनियमों में अन्य सहायक व्यवस्थाएं भी शामिल हैंए जैसे 24×7 समानता हेल्पलाइन, मोबाइल /"समानता दल और विभागों व छात्रावासों में नियुक्त समानता दूत। इन व्यवस्थाओं से छात्रों और कर्मचारियों को अपनी समस्याएँ बताने और जल्दी सहायता पाने के कई रास्ते मिलेंगे। शिकायतें गोपनीय रूप से दर्ज की जा सकेंगी और हर मामले का निपटारा तय समय सीमा के भीतर किया जाएगा, ताकि निष्पक्षता और जवाबदेही बनी रहे। प्रमुख रूप से फलेंद्र साहू, नरोतम साहू, मोतीराम साहू, थानेश्वर यादव, मुरली साहू, रुप सिंग साहू, मेघू राम साहू, झूमक लाल पटेल, कांति लाल साहू, जनक लाल उपस्थित थे।

# राज्यपाल के गोद ग्राम बिजली को मार्च 2026 तक आदर्श बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

महामहिम राज्यपाल रमण डेका के गोद ग्राम बिजली में राज्यपाल का सचिव आर प्रसन्ना का हाल में बिजली पंचायत का दौरा हुआ, उन्होंने सभी विभागों का समीक्षा कर प्रगति पर केन्द्र एवं राज्य शासन की फ लै ग शि प योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने माह मार्च 2026 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। विशेष कर महिलाओं की विकास पर फोकस कर कार्ययोजना बनाने एवं स्वच्छता के लिए ग्रामीण महिलाओं का सहयोग लेने के निर्देश दिए। सरपंच, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से नियमित संवाद कर स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की विभिन्न विभाग की समीक्षा के बाद विभागवार समस्या निवारण शिविर लगाया जाना सुनिश्चित हुआ परिणाम स्वरूप समाज कल्याण विभाग गरियाबंद उपसंचालक डीपी डोनर के मार्गदर्शन में ग्राम बिजली प्राथमिक शाला में गुरुवार को सहमय स्वास्थ्य विभाग शिविर आयोजित किए गए। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका द्वारा गोद लिए गए गांवों बिजली में समाज कल्याण विभाग और जिला प्रशासन ने विशेष शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं के तहत 20 लोगों को साहारा छड़ी सामग्री बांटी। उपसरपंच डोनर ठाकुर ने कहा की इन शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत ग्रामीणों तक पहुंचाना है। अन्य गतिविधियों में गोद ग्रामों में कैंसर स्क्रीनिंग, टीबी मरीजों की खोज और स्कूली बच्चों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। स्कूल की ओर से प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, शिक्षक पुरन साहू ने शिविर में सहयोग किया। वहीं ग्रामीणों के लिए मुफ्त सामग्री के अलावा, इनमें 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। कहा की इस ग्राम को आदर्श ग्राम बनाना, जहां बुनियादी ढांचे के साथ-साथ स्वास्थ्य और आजीविका के अवसरों में वृद्धि हो यह पहल ग्राम विकास के लिए सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनभागीदारी पर केंद्रित है, जिसकी निगरानी स्वयं राज्यपाल कर रहे हैं।

■ सचिव आर प्रसन्ना ने ली समीक्षा बैठक



### नशामुक्त समाज की शपथ और जागरूकता

सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद ने कहा की राज्यपाल निवास में बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, समाज कल्याण विभाग की संचालक रोक्तिमा यादव, संचालक स्वास्थ्य सेवा संजीव कुमार झा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव एस. आलोक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित में बैठक में बिजली पंचायत की विकास पर चर्चा हुई है। कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ हुई है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सभापति संकर्म नंदूराम तथा गांव की सरपंच पदमा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल, सेवानिवृत्ति उपसरपंच रामजी सिन्हा, चमेली डोमन साहू, पंचायत सचिव गोवर्धन निषाद, रोजगार सहायक अनिल साहू, डोमन, करारोपन अधिकारी लेखराम साहू, श्रीराम निषाद, दयालू,यादू यादव, नाथु ढीढी, मंच संचालन पंचायत सचिव हूकमत साहू स्वास्थ्य विभाग, समाजिक संस्था कार्यकर्ता ने उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### एनएच 130-सी...

से प्रभावित रहेंगे और यहां के निवासी अब चिंतित नजर आ रहे हैं, दरअसल वन्य जीव के संरक्षण संवर्धन के दृष्टिकोण से टाइगर प्रोजेक्ट इलाके के कोर एरिया में शाम 6:00 से सुबह 6:00 तक विभिन्न आवागमणों पर रोक लगाते हुए केवल एंबुलेंस आदि इमरजेंसी सेवा के वाहनों को ही जाने की अनुमति दी गई है, जिसकी जद में नेशनल हाईवे 130सी भी आ रहा है, यह रास्ता रायपुर, गरियाबंद व उड़ीसा को जोड़ता है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों सैकड़ों यात्री वाहन व माल वाहन के साथ निजी वाहन का आवागमन होता है।

### राजिम कुंभ कल्प...

सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक धुरव के अलावा जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा अध्यक्षा श्रीमती ओमकुमारी साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष राजेन्द्र (धनराज) सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड अध्यक्ष लिलेश सुरेश साहू, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्षरूप नारायण साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थित रहेगी।

### राजिम कुंभ कल्प...

क्षण होगा। प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हो सके। कुल मिलाकर, महाशिवरात्रि पर अरूण गोविल के आगमन से राजीव नगरी भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में रंगने जा रही है।

### मनरेगा बचाओ संग्राम...

प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने मनरेगा मजदूरों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, तो फरवरी माह में आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। गरियाबंद में होने वाले इस आंदोलन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### रसेला समिति 18...

से की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी को लेकर भले ही नये किर्तिमान बना लिये है। राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की घोषणा की गई थी मगर 31 जनवरी को शनिवार होने के कारण धान खरीदी का कार्य 30 जनवरी को ही पूर्ण कर दिया गया।

**सिवनी में धान परिवहन की मात्रा सबसे कम उठाव**- किसानों के द्वारा धान खरीदी की सीमा बढाऐ जाने के लिए शासन से मुंह ताक रहे थे मगर शासन द्वारा तारीख नहीं बढ़ाया गया। छुरा ब्रांच के अंतर्गत 9 उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी की जानकारी इस तरह से है, दुल्ला 52102.00, सिवनी 54628.00, पाटसिवनी में 41404.00, चरौदा समिति में 46666.80, कोसमी में 42905.20 , कनसिघी 48396.00, परसदा खुर्द में 28933.60, वहीं छुरा उपार्जन केन्द्र में 91441.60 की खरीदी की गई है। अब यहां सवाल उठता है कि उपार्जन केन्द्र रसेला, कनसिघी, सिवनी में धान परिवहन की मात्रा सबसे कम उठाव हुआ। कनसिघी समिति में सिर्फ 7.11 प्रतिशत, सिवनी में 7.29 प्रतिशत वहीं रसेला केंद्र में 10.27 प्रतिशत हुआं है, जबकि अन्य उपार्जन केन्द्र में अधिक परिवहन किया गया है। जो इस प्रकार हैं छुरा में 49.06 प्रतिशत,दुल्ला में 27.79 प्रतिशत, पाटसिवनी में 54.93/.,चरोदा में 57.94/., कोसमी में 31.25/., परसदा खुर्द में 60.44 प्रतिशत की उठाव की गई है। इससे साफ जाहिर होता है कि परिवहन में भी जिला विपणन अधिकारी ये तीनों समिति को कंगाल होने पर छोड़ दिया है। ऐसे भी समिति पहले से कंगाल हो चुका है। इस समय इस स्थिति में और कुछ बचने वाला नहीं है। मैदान में धान खरीदी करने के चलते धान परिवहन नहीं होने पर बच्चों की खुशियां छीन ली गई। जबकि पंचायत, हाईस्कूल, माध्यमिक शाला सहित कलेक्टर, विपणन अधिकारी को धान परिवहन करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया है। मगर अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। अब छात्र -छात्राओं और जनप्रतिनिधि आन्दोलन के लिए बाध्य हो रहा है।

# कौंदकेरा के कबड्डी व तोरला में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू शुक्रवार को को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। ग्राम कौंदकेरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शामिल होकर खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए अच्छे खिलाड़ी बनने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासित रहने की शिक्षा देती है।

इसी प्रकार ग्राम तोरला में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान ग्राम देवताओं की पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी। उन्होंने मड़ई मेला को छग की पारंपरिक पर्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सौरभ लोधी, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, सुनील पटेल, रिखीराम सिन्हा, दौलत राम साहू, रामेश्वर गजेंद्र, टानिक राम गजेंद्र, मनोज यादव, गोविंद गिरी, घनश्याम साहू, राकेश गजेंद्र, प्रीतम गजेंद्र, रानू गजेंद्र, चुम्मन साहू, परमेश्वर ठाकुर, लोकनाथ सिन्हा, नीतीश गजेंद्र, लेखराम ठाकुर, खुमन गजेंद्र, सोनू गजेंद्र आदि उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बालक आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण



**मैनपुर।** अनुसूचित जाति बालक आश्रमशाला में मैनपुर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य चिरायु टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों का नाखून, जीभ, आंख का परीक्षण किया वा मलहम और दवाई दिया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक आनंद कुमार साहू, अधीक्षक हरलाल नायक और आश्रम कर्मचारी तोरण यादव उपस्थित थे।

### ग्राम जमाही में देशभक्ति की रही धूम



**छुईहा बेलर।** ग्राम जमाही में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भीगणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम रखा गया।बच्चों के द्वारा आकर्षक नित्य एवं देशभक्ति से शराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसको देख कर लोग मन्त्रमुग्ध हो गए जो देर शाम तक चलता रहा। कला संस्कृति के लिए निधि लवन्या बालिका मानस मंच ,देश सेवा व सुरक्षा जवान बीएसएफ विमल दीवान, नरेन्द्र दीवान दोनों सगे भाई को सम्मान किया गया। अंत में बच्चों को पुरस्कार मे कॉपी पुस्तक पेन के साथ अन्य उपहार भेंट किए गए। सरपंच विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा प्रधान पाठक जागेश्वरी ध्रुव, अध्यक्ष खेलावन ध्रुव, सेवा निवृत्त उपसंचालक रामजी सिन्हा, वरिष्ठ नागरिक परमेश्वर दीवान, परमेश्वर गन्धर्व, प्रधान पाठक जागेश्वरी ध्रुव, फनेश्वर कंवर, डोमार सिन्हा शोमन साहू उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग ने मनाया रजत जयंती महोत्सव

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण राज्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके तहत विद्युत वितरण केंद्र पटेवा के द्वारा मिडिल स्कूल प्रांगण में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम 31 जनवरी को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिशारामस्वरुप दीवान (जनपद पंचायत अध्यक्ष महासमुंद), अध्यक्षता दूजबाई/राजू ध्रुव (सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा), संतोष शर्मा (उप सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा), राजकमल पटेल (सरपंच ग्राम पंचायत खट्टा), गिरीश कुमार नायक (उपसरपंच खट्टा), सुनील शुक्ला पंच ग्राम पंचायत पटेवा, नरेंद्र साहू रोजगार सहायक पटेवा, रामेश्वर, वितरण केंद्र पटेवा के कनिष्ठ यंत्री शुभम यादव,कंप्यूटर ऑपरेटर विजय जगत, लाईनमैन रामकुमार कुर्रे, पूर्णिमा पटेल, हर्ष खरे, विनोद पात्रे, हेमंत सूर्यवंशी, ऋषि निषाद, राजेंद्र बरिहा एवं आस पास के सभी विद्युत उपभोक्तागण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### गुरु रविदास जयंती पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित

**झलप।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर जिला कार्यक्रम संयोजक भाई देवेंद्र राय के नेतृत्व में रविदास गुरुद्वारा परिसर में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संत गुरु रविदास जी के विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग समता, सद्भाव और मानवता पर चलने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 1 फरवरी को संत रविदास जयंती ग्राम झलप में धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके पूर्व सुबह भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा रविदास गुरुद्वारा परिसर की साफ-सफाई भी की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जानवी साहू, राजेश टंडन, मनोहर टंडन सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रजत जयंती समारोह में सौर ऊर्जा अपनाने का विधायक ने किया आवाह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- रजत जयंती समारोह में उत्कृष्ट विद्युत उपभोक्ता सम्मानित

नगर में विद्युत विभाग द्वारा रजत जयंती उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्द्रकुमार साहू, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री हरिशंकर प्रसाद उपस्थित थे। विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर उत्कृष्ट विद्युत उपभोक्ताओं को चार श्रेणियों में विभाजित कर सम्मानित किया गया। घरेलू, गैर घरेलू, सिंचाई एवं सोलर कनेक्शन के पांच-पांच श्रेष्ठ उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुवे कहा कि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी चौबीसों घंटे, हर मौसम में हमे बिजली सप्लाई के लिए समर्पित रहते है। उपस्थित जन समूह से आह्वान किया कि ऊर्जा के अन्य विकल्प जैसे सौर ऊर्जा का उपयोग करे। कम बिजली के बिल आने से आर्थिक लाभ भी मिलेगा। शासन द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरों में सोलर प्लेट लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उपभोक्ता इस योजना से जुड़कर लाभ उठाएं।

## विद्युत विभाग द्वारा भव्य रजत जयंती समारोह आयोजित




### जितनी जरूरत, उतनी खपत : ओमकुमारी

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी- संजय साहू ने अपने उदबोधन में उपभोक्ताओं से बिजली की बचत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार ही बिजली जलाए। भावी भविष्य के लिए ऊर्जा बचाकर रखना हमारी नैतिक एवं अनिवार्य जवाबदारी है। रजत जयंती समारोह में जनपद पंचायत अभनपुर उपाध्यक्ष खेलु राम साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र बंजारे, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष मुकेश डीडी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संयोजक राघवेन्द्र साहू, महामंत्री सिंटू जैन, मण्डल उपाध्यक्ष धीरज साहू, सहायक यंत्री विमल साहू, धर्मेंद्र साहू, अजय ठाकुर, शिवेंद्र साहू विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कथा : शिव महापुराण कथा के छठवें दिन शिव-पार्वती विवाह संस्कार हुआ

# कोपरा में गूंजा हर-हर महादेव, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा



पंचकोसी धाम नगरी कोपरा इन दिनों पूर्ण रूप से शिवमय वातावरण में डूबी हुई है। यहां आयोजित शिव महापुराण ज्ञान भक्ति यज्ञ सप्ताह श्रद्धा, आस्था और भक्ति की अविरल धारा के रूप में प्रवाहित हो रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचकर शिव कथा का रसपान कर रहे हैं।

शिव महापुराण ज्ञान भक्ति यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और भव्य कथा वाचन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, मंगल गीतों और पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शिव–पार्वती विवाह संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा वाचक हलधर नाथ योगी ने शिव कथा का रसपान कराया। कथा वाचक शिव भक्त हलधर नाथ योगी ने अपने श्रीमुख से शिव कथा का मधुर एवं रसपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान शिव की तपस्या, माता पार्वती की साधना और दिव्य विवाह प्रसंग को भावनात्मक दृष्टांतों के साथ प्रस्तुत किया, जिससे श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भक्ति, वैराग्य और प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञ में परिक्षित रूप में बैठे श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से शिव–पार्वती विवाह के सभी संस्कारों में सहभागिता निभाई। कथा श्रवण के साथ-साथ शिव नाम जप, भजन-कीर्तन और आरती के माध्यम से भक्तों ने आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। नगर की माताएं-बहनें विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव की पावन नगरी कोपरा के सहाड़ा चौक में 27 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण ज्ञान भक्ति यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ था। तब से प्रतिदिन कथा स्थल श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।



### भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम

मंच संचालन कर रहे पूर्व सरपंच सूरज दाऊ ने जानकारी दी कि 01 फरवरी (रविवार) को गणेश कथा, 02 फरवरी (सोमवार) को कथासार एवं नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 03 फरवरी (मंगलवार) को गीतसार, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ यज्ञ सप्ताह का विधिवत समापन होगा। इसी दिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। शिव कथा के रसपान, भव्य धार्मिक अनुष्ठानों और श्रद्धालुओं की अपार आस्था के साथ यह आयोजन कोपरा नगर को आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत कर रहा है और शिव भक्ति की अमिट छाप छोड़ रहा है।

## मानिकचौरी स्कूल में पूर्व मंत्री साहू ने की भारत माता की मूर्ति स्थापना की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू रहे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर दिवंगत मां तीजा बाई की स्मृति में शिक्षा प्रवेश द्वार निर्माण तथा मिडिल अथवा हाईस्कूल परिसर में भारत माता की मूर्ति स्थापना करने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि देश के विकास में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र का मान बढ़ाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता, शिक्षा और स्व-रोजगार के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता के बावजूद राष्ट्रवाद की भावना से देश अखंड और संप्रभु बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, सरपंच हेमलता साहू, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू, जनपद सदस्य सविता साहू, गोविंद प्रसाद तिवारी, सरिता भारती, रमेश साहू, गजेन्द्र साहू, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ई-केवाईसी के फेर में फंसा गरीबों का निवाला, बुजुर्गों को नहीं मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासन द्वारा अंत्योदय अन्न, प्राथमिक कार्ड एवं अन्य योजना के तहत गरीब परिवारों को सरकारी राशन की दुकान से सस्ते दामों पर राशन सामग्री देने की सुविधा दी है, लेकिन अब इसका फायदा सिर्फ वे उपभोक्ता उठा सकेंगे जिनके राशन कार्ड की ई केवाईसी प्रक्रिया पूरी होगी। इस नए बदलाव से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत हरदी में राशन कार्ड में ई केवाईसी ना होने के कारण हो रहा है। जिन लोगों के पास केवाईसी है उन लोगों को राशन मिल रहा है और जिन लोगों का नहीं है उनका राशन नहीं दिया जा रहा है।ई-केवाईसी का मतलब है इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर यानी ग्राहक की जानकारी को डिजिटल तरीके से सुरक्षित रखना।ज़्यादातर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि बुजुर्ग महिला, पुरुष का फिंगरप्रिंट नही ले रहा है मशीन जिससे लोगो मे कॉफी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है मायाराम तारक अंत्योदय सिंगल इनको 3 माह से चावल अप्राप्त हैं। बिसोबाई यादव अंत्योदय सिंगल परिवार 3 माह से चावल नहीं मिल रहा। पकन ध्रुव अंत्योदय सिंगल परिवार इनको 2 माह से चावल अप्राप्त हैं। मुन्नाबाई ध्रुव 2 माह से चावल नहीं मिल रहा। भान बाई साहू अंत्योदय कार्ड 2 माह से राशन सामग्री नहीं मिल रहा कारण ई केवाईसी का न हो पाना। इन सभी का मुख्य कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से कुछ भी फिट नहीं बैठ रहा फिंगरप्रिंट स्कैनर ही नहीं बता रहे। बुजुर्गों के उंगलियों का निशान। हितग्राहियों का कहना है। आखिर प्रशासन के पास समाधान नहीं है तो अंत्योदय राशनकार्ड धारियों के लिए उचित तत्कालीन रूप से चावल का व्यवस्था करना चाहिए न कि गरीबों को परेशानियों का चक्कर लगाने की नौबत लगे। अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे उप सरपंच संघ छुरा एवं उप सरपंच ग्राम पंचायत हरदी ने कहा की 60 वर्ष से अधिक उम्रदराज व्यक्तियों को ई केवाईसी के लिए बड़ी चुनौती भरी समस्याओं का समाधान करना पड़ रहा है। प्रशासन को इसका हल निकालना चाहिए और गरीब परिवारों को झंझट भरी दिक्कतों से जल्द निदान करे। जिससे आम जनता को शासन की योजनाओं का सफलतापूर्वक लाभ मिल सके।



### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए अमितेश शुक्ल

**छुरा।** नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी, पूर्व पार्षद समाजसेवी मक्खू दीक्षित की श्रद्धांजलि सभा में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल शामिल हुए, साथ में जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा और फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू भी थे। अमितेश शुक्ल उनके साथ बिताए हुए पलों को याद कर के भावुक हो गए, उन्होंने कहा कि मक्खू दीक्षित का जाना कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति है, उन्होंने उनके परिवार वालों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि मैं हमेशा अपलोगों के साथ हुं, सुखचंद बेसरा ने भी कहा कि मक्खू दीक्षित कांग्रेस के कर्मठ कार्यकता थे। उनके साथ प्रमुख रूप से यशपेन्द्र शाह, समद खान, भानु प्रताप वर्मा, अब्दुल शमीम खान, हरीश यादव, सलीम मेमन, देवीसिंह नेताम, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, पंच राम टंडन, राजू यादव, बालमुक्कंद चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, चेतन ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, चित्रसेन डडसेना शामिल थे।

## सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा में वार्षिक उत्सव की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, में विद्यालय का वार्षिक उत्सव अत्यंत गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कार एवं सांस्कृतिक मूल्यों का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। विद्यालय परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लुकेश्वरी निषाद, अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता तोकेश्वरी माझी, अध्यक्ष पालक समिति, सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में बलराज पटेल उपाध्यक्ष एस एम सी छुरा तथा किरण ठाकुर, सरपंच कोसमबुड़ा उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव, परमेश्वर राजपूत, पुनीत राम ठाकुर, भूपेंद्र सिंहा एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव तथा रुपनाथ बंजारे उप सरपंच हरदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, लघु नाटिका एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों की अनुशासित एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को अत्यंत प्रभावित किया। मुख्य अतिथि लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही टोकेश्वरी माझी ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।साथ ही अभी तक के परीक्षा में जो बच्चे प्रथम स्थान हासिल किए है,तथा निरंतर स्कूल आने वाले बच्चे, वार्षिक खेल में प्रथम स्थान हासिल करने वाले,कक्षा में हमेशा प्रथम स्थान हासिल करने वाले बच्चे को, मुख्य अतिथि द्वारा और मैडल और ट्रॉफी पृथक-पृथक रूप से दिया है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशक जार्ज जेकब एवं प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़क के निर्माण से आवागमन होगा सुगम

# चौबेबांधा-सिंधौरी सड़क चौड़ीकरण के लिए 4.64 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास का कारवां लगातार बढ़ रहा है। लंबे समय बाद राजिम विधानसभा क्षेत्र में ऐसा विधायक निर्वाचित हुए हैं जो लगातार विधानसभा क्षेत्र को नई सौगात देते जा रहे हैं। इसी क्रम में विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी सजगता के चलते क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। चौबेबांधा से सिंधौरी तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य के लिए शासन द्वारा 4 करोड़ 64 लाख 89 हजार रुपए की महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और बढ़ते यातायात दबाव के कारण कोपरा, पाण्डुका, गरियाबंद तरफ से राजिम के नवीन मेला स्थल तक पहुंचने की राह भी आसान हो जाएगी। उस तरफ से मेला मैदान आने वाले लोगों को नेशनल हाईवे 130 सी सिंधौरी से ही सीधे चौबेबांधा मेला मैदान पहुंचने में सुविधा मिलेगी साथ ही इसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों को भी होगा। राजिम कुंभ (कल्प) और स्थानीय मेलों के दौरान राजिम शहर की ओर से आने वाले मार्ग पर अत्यधिक दबाव रहता है। इस नई और चौड़ी सड़क के बन जाने से दबाव में कमी होगी राजिम की ओर से आने वाले यातायात का बोझ कम होगा। कोपरा, पाण्डुका, गरियाबंद की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नवीन मेला मैदान पहुँचने के लिए एक सुगम और अतिरिक्त रास्ता मिलेगा। मेला मैदान आने वाले लोगों को अब संकरी सड़कों और जाम की स्थिति से जूझना नहीं पड़ेगा।

### विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में बदल रही तस्वीर

क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए विधायक रोहित साहू लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क साधकर बजट स्वीकृत करा रहे हैं। चौबेबांधा-सिंधौरी मार्ग का चौड़ीकरण उनके विजन का हिस्सा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यटन दोनों को मजबूती मिलेगी। इस स्वीकृति पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा ही मेरी प्राथमिकता है। चौबेबांधा से सिंधौरी मार्ग के चौड़ीकरण से गरियाबंद और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और मेला आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी। क्षेत्र का विकास कराना ही मेरा लक्ष्य है,जो काम वर्षों तक नहीं हो पाए थे उन कामों की स्वीकृति भी मेरे कार्यकाल में हो रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार डबल गति से क्षेत्र के विकास में सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। इसके लिए मैं प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करता हूं। इसके पूर्व भी राजिम फिंगेश्वर महासमुंद मार्ग के लिए 147 करोड़ रुपए तथा कोपरा से पोखरा मार्ग के लिए 77 करोड़ रुपए की स्वीकृति हमारी सरकार ने दी है और कार्य भी द्रुत गति से जारी है। इसके अलावा राजिम ब्रिज से लेकर नए मेला मैदान तक फोरलेन सड़क के लिए 37 करोड़ एवं राजिम से चौबेबांधा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति भी सरकार की ओर से मिली है। इस घोषणा के बाद से ही क्षेत्र के नागरिकों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि सड़क की चौड़ाई बढ़ने से विकास के नए द्वार खुलेंगे और क्षेत्र की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक बेहतर हो जाएगी।

